लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 870

07 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एन.टी.टी.एम.)

870. श्री विवेक नारायण शेजवलकर:
श्री नायब सिंह सैनी:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री सुनील बाबूराव मेंढे:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त मिशन के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों को सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदानों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): देश को तकनीकी वस्त्रों में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करने की दृष्टि से, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) को वित्त वर्ष 2020-21 से दिनांक 31.03.2026 तक 1,480 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। मिशन में 04 घटक हैं। एनटीटीएम के घटक-I के तहत, देश के सरकारी संगठन/प्रमुख अनुसंधान संस्थानों/वस्त्र अनुसंधान संघों (टीआरए) को प्रदान की जाने वाली अनुसंधान परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 1,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। एनटीटीएम के तहत अब तक, 137 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत 474.7 करोड़ रूपये (लगभग) है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त मिशन के तहत विभिन्न संस्थानों को सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	**वर्ष**	**जारी की गई निधि (रूपये करोड़ में)**
1	2021-2020	0.0
2	2022-2021	59.64
3	2023-2022	35.47

*****